सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेसनोट दिनांक 05.02.2025

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 गाँजा तस्करों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 10 किलोग्राम गाँजा (अनुमानित कीमत 1,50,000/- रूपये) किया गया बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी भरथना इटावा के कुशल नेतृत्व में थाना बकेवर पुलिस द्वारा गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, वाँछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 04.02.2025 को थाना बकेवर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत सती मन्दिर के सामने संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान कस्बा बकेवर की ओर से 01 मोटर साइकिल आती दिखायी दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा मोटर साइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर **02 व्यक्तियों को मोटर साइकिल सहित सती मन्दिर के पास से समय 21.10 बजे गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये व्यक्तियों से पूछताछ करते उनके हाथ में पकड़े पॉलीथीन को चैक किया गया तो उसके अन्दर से 10 किलोग्राम गाँजा बरामद किया गया। बरामद गाँजे के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि वह राहगीरों को गाँजा बेचकर लाभ कमाते हैं।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बकेवर पर मु0अ0सं0 33/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

बरामद मोटर साइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1. आदेश कुमार पुत्र नेम सिंह निवासी नगला भारा थाना भरथना जनपद इटावा **उम्र 32 वर्ष।**
2. अवधेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी सुभाष नगर कस्बा बकेवर थाना बकेवर जनपद इटावा **उम्र 40 वर्ष।**

बरामदगीः-

1. 10 किग्रा गांजा **(9.998 किग्रा)**
2. 01 अपाचे मोटरसाइकिल **UP 84 AM 2301**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 33/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बकेवर जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहासः-

अवधेश कुमार पुत्र नेम सिंह-

1. मु0अ0स0 41/2019 धारा 401 भादवि थाना बकेवर जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 33/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बकेवर जनपद इटावा।

पुलिस टीम- निरी0 श्री भूपेन्द्र सिंह राठी प्रभारी थाना भरथना जनपद इटावा, उ0नि0 हाकिम सिंह, हे0का0 रविशशि अवस्थी, हे0का0 कुलदीप, हे0का0 गजेन्द्र, का0 मनमोहन।